कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन-शाखा), मध्य प्रदेश भोपाल

क्रमांक/निर्व./काष्ठ/158/3011 भोपाल, दिनांक 1-9-05

प्रति,

समस्त वन संरक्षक

मध्यप्रदेश

विषय:- काष्ठागारों में नीलाम के समय विडियों रिकार्डिंग कराए जाने बाबत।

संदर्भ:- कार्या. पत्र क्रमांक/1071 दिनांक 24.3.05 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक का पत्र क्रमांक/1240 दिनांक 8.4.05

------0------

कृपया संदिर्भित पत्रों का अवलोकन करें । कष्ठागारों में नीलाम के समय तथा अनियमितताओं को रोकने के लिये विडियों रिकार्डिंग कराये जाने के संबंध में काष्ठागारों में नीलाम की कार्यवाही की विडियो फिल्म बनाने के निर्देश पूर्व में दिये गये थे । इस संबंध में निर्णय लिया गया है कि शासकीय काष्ठागारों में नीलाम से संबंधित आंकडे, अपसेट प्राईज, सेल प्राईज, निलाम तिथि, उपलब्ध काष्ठ की स्थिति की इंटरनेट पर प्रदर्शित किये जाने की प्रक्रिया लागू रखी जाय। जहां तक विडियों रिकार्डिंग का प्रश्न है, वह चिन्हित वनमंडलों के चिन्हित काष्ठागारों हेतु जहां नीलाम में अनियमितताओं की लगातार शिकायतें प्राप्त होती है, के लिये लागू किया जाए । किस वन मंडल अंतर्गत कौन से काष्ठागारों में नीलाम की विडियो रिकार्डिंग करायी जाएगी, इसका निर्णय संबंधित वन संरक्षकों द्वारा लिया जायेगा । जहां नीलाम के बहिष्कार की संभावना है वही वीडियो रिकार्डिंग आवश्यक रूप से कराया जावे ।

भविष्य में उपरोक्त निर्देशों का पालन निश्चित रूप से किया जाय ।

मुख्य वन संरक्षक, (उत्पादन)
म0प्र0 भोपाल

पृ.क्रमांक/निर्व/काष्ठ/158 भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि:-

निज सहायक प्रधान मुख्य वन संरक्षक की ओर टीप 683 दिनांक 16.08.05 के संदर्भ में सूचनार्थ । कृपया प्रधान मुख्य वन संरक्षक को अवगत कराने का कष्ठ करें ।

मुख्य वन संरक्षक, (उत्पादन)
म0प्र0 भोपाल